बोल्ड अंदाज़ के साथ पूल में नजर आईं सोनाली राउत

बिग बॉस की कंटेस्टेंट रह चुकी सोनाली राउत एक बार फिर से खबरों में हैं. जी हां, मगर सोनाली इस बार अपने किसी शो या फिल्म की वजह से सुर्खियों में नहीं बल्कि अपनी बोल्ड तस्वीरों की वजह से खबरों में हैं. सोनाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहद बोल्ड तस्वीरों को शेयर कर सभी को चौंका दिया है. सोनाली इन तस्वीरों में बोल्ड बिकिनी में नजर आ रही हैं. सोनाली अपनी हालिया तस्वीरों में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. सोनाली ने अपने अपनी इंस्टाग्राम पर चंद तस्वीरों को शेयर किया है जिसमे वह पूल में नजर आ रही हैं. सोनाली की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. सोनाली की इन तस्वीरों को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आखिर ये इसकी वायरल होने की वजह क्या है. हाल ही में सोनाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पूल में बिकनी वाली तस्वीर शेयर की थी. जिसे देख उनके फैंस का दिल बाग बाग हो उठा था. बता दें कि सोनाली राउत बिग बॉस की कंटेस्टेंट रह चुकीं हैं. इस दौरान भी सोनाली का बोल्ड अंदाज दर्शकों ने बखूबी देखा था. सोनाली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें यहां शेयर करती रहती हैं. आपको बता दें, सोनाली दो बॉलीवुड फिल्में ए एक्सपोज और ग्रेट ग्रांड मस्ती में भी काम कर चुकी हैं.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अब और भी पॉलिटिकल फिल्में करना चाहती हैं अहाना

फिल्म द एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के किरदार को निभाने वाली अभिनेत्री अहाना कुमरा का कहना है कि अगर उन्हें इस तरह का किरदार दोबारा मिलता है तो राजनीतिक विषय को जानने के लिए वह इस तरह की कई और भी फिल्मों में काम करना पसंद करेंगी. अहाना ने बताया, हां, अगर वे मुझे इस तरह का कोई रोल ऑफर करते हैं, तो क्यों नहीं! सशक्त और अच्छी अभिनेत्रियों के लिए इस तरह के किरदारों को निभाने का यह एक अच्छा समय है.

इस फिल्म से उन्हें सबसे ज्यादा क्या मिला इस बारे में बात करते हुए अहाना ने कहा, एक बिल्कुल अलग इंसान के रूप में दिखना यानि कि एक सम्पूर्ण बदलाव जिसके बारे में मैंने पहले कभी सोचा भी नहीं था, यही सबसे बड़ी उपलब्धि है.

प्रदीप शर्मा की बायोपिक खल्लास में दया नायक का रोल नहीं कर रहे हैं सोनू सूद

हाल में कुछ ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रहे इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा की बायोपिक खल्लास में सोनू सूद इंस्पेक्टर दया नायक के रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि अब सोनू सूद ने खुद ही इन खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उन्हें यह रोल ऑफर ही नहीं किया गया है।

हालांकि सोनू सूद ने कहा है कि अगर फिल्म के मेकर्स उनके पास यह रोल लेकर आते हैं तो वह इस पर बात कर सकते हैं। वैसे बता दें कि इससे पहले सोनू सूद खुद भी फिल्म मैक्सिमम में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट का रोल निभा चुके हैं। बताया जाता है कि इस फिल्म में सोनू का किरदार कथित तौर पर प्रदीप शर्मा से प्रभावित था। यह फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी।

इस बीच सोनू सूद बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु की बायोपिक में काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वह सिंधु के कोच पुलेला गोपीचंद का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारी शुरू हो चुकी है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चला है कि फिल्म में पीवी सिंधु का रोल कौन ऐक्ट्रेस निभाने जा रही हैं।

जाह्नवी कपूर के छोटे जिम शॉर्ट्स से परेशान हैं कटरीना

जाह्नवी कपूर अपने जिम लुक से काफी सुर्खियों बटोरती हैं, लेकिन बीटाउन की फैशनिस्टा कटरीना कैफ उनके लुक को लेकर थोड़े टेंशन में हैं। उन्होंने इस बात का जिक्र हाल ही में एक टीवी चैट शो के दौरान किया।

दरअसल, कटरीना कैफ हाल ही में नेहा धूपिया के चैट शो का हिस्सा बनी थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान नेहा ने उनसे सवाल किया था कि उन्हें किसका जिम लुक ओवर द टॉप लगता है।

इस पर कटरीना ने जवाब देते हुए जाह्नवी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें जाह्नवी का लुक ओवर द टॉप नहीं लगता है लेकिन उन्हें ऐक्ट्रेस के बहुत ज्यादा छोटे शॉर्ट्स को लेकर चिंता है। कटरीना ने कहा कि वह जिस जिम में जाती हैं, वहां जाह्नवी भी अक्सर आती हैं। वह जब उनके शॉर्ट्स देखती हैं तो उन्हें पता नहीं क्यों टेंशन होने लगता है। उन्होंने कहा कि उन्हें जाह्नवी की चिंता होती है।

वैसे बता दें कि जाह्नवी कपूर के स्टेप ब्रदर अर्जुन कपूर को कटरीना अपना भाई मानती हैं। इस बात का जिक्र वह अक्सर करती मिल जाती हैं। यहां तक कि नेहा धूपिया के शो में भी उन्होंने अर्जुन को अपना राखी ब्रदर कहा था।